# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: 6 3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date :** |
| **Worksheet No: 5** | **Topic:** अर्थग्रहण | **Note: Pl. file in portfolio** |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

एक दिन राजेंद्र अपने मम्मी-पापा के साथ शादी में गया हुआ था। घर पर नरेश अकेला था। चाची उसके लिए खाना बनाकर गई थीं। नरेश ने टीवी देखी, कुछ देर वीडियो गेम खेला और फिर खाना खाया। वह राजेंद्र के कमरे में लेटकर सबके लौटने का इंतजार करने लगा। उनका इंतजार करते-करते उसे न जाने कब नींद आ गई।

कुछ समय बाद खटर-पटर की आवाज़ सुनकर उसकी नींद खुल गई। पहले तो उसने सोचा कि शायद राजेंद्र लौट आया, लेकिन फिर अगले ही पल उसके दिमाग में विचार आया कि राजेंद्र होता तो वह उसे अवश्य जगाता। वह अपने आप से बोला, " लगता है घर में चोर घुस आए हैं। चोरी ना हो, मुझे इस बात का ध्यान रखना होगा। पूरे घर की ज़िम्मेदारी मेरे ऊपर है।"

वह धीरे से बिना आवाज़ किए उठा और देखा कि चोर दूसरे कमरे में है और घर का सामान चोरी कर रहे है। वह धीरे से घर के बाहर गया| उसने बहुत ही सावधानी से मुख्य दरवाज़ा खोला और बाहर निकल गया। उसने बाहर से मुख्य दरवाज़ा बंद कर दिया| दरवाज़े की आवाज़ सुनकर चोर सजक हो गए और वे सारा सामान छोड़कर दरवाज़े की तरफ भागे| वे ज़ोर-ज़ोर से दरवाज़े को पीटने लगे|

1. राजेंद्र अपने मम्मी-पापा के साथ कहाँ गया था?
   - ⁎मॉल ⁎शादी में
   - ⁎नानी के घर ⁎दुबई
2. नरेश के लिए खाना किसने बनाया था?
   - ⁎दीदी ने ⁎नानी ने
   - ⁎चाची ने ⁎दादी ने

3. वीडियो गेम खेलने के बाद नरेश ने क्या किया?

*सो गया *बाहर घूमने गया

*पढ़ने लगा *खाना खाया

4. कौन सबके लौटने का इंतजार करने लगा?

*रामू काका *नरेश

*माली *घर का चौकीदार

5. किसकी आवाज़ सुनकर नरेश की नींद खुल गई?

*बिल्ली की *खटर-पटर की

*गाड़ी की *रेडियो की

6. दरवाज़े की आवाज़ सुनकर कौन सजक हो गए?

*बच्चे *सैनिक

*चोर *घर के सारे लोग

- दिए गए शब्दों के लिंग शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

चाची - ..................... चोरनी - .....................

- दिए गए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

अंदर - ..................... असावधानी -.....................

- सही / गलत बताइए|

1. नरेश घर पर अकेला था| ( )
2. चोर घर की छत पर बैठे थें। ( )
3. पड़ोसी ज़ोर-ज़ोर से दरवाज़े को पीटने लगे| ( )
4. नरेश बहुत ही सावधानी से मुख्य दरवाज़ा खोला| ( )

*********************